रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7
No. of printed pages : 7

102

402 (IFA)

# 2025

# हिन्दी

## (केवल कृषि वर्ग भाग-II के लिए)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

**निर्देश :** (i) इस प्रश्न पत्र में **दो** खण्ड **'अ'** और **'ब'** हैं। दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्नों के उत्तर देने हैं। प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव क्रमवार दीजिए।

(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

### खण्ड – 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए -

मैं किसी भाषा का पंडित तो नहीं हूँ, फिर भी मुझे भाषा के सौन्दर्य से, उसके शब्दों के संगीत से और शब्दों में भरे हुए जादू और ताकत से प्रेम रहा है। मेरा विश्वास है कि लगभग दूसरी हर चीज के बनिस्बत भाषा किसी राष्ट्र के चरित्र की ज्यादा बड़ी कसौटी है। अगर भाषा शक्तिशाली और जोरदार होती है तो उसको इस्तेमाल करने वाले लोग भी वैसे ही होते हैं। अगर वह छिछली, लच्छेदार और पेचीदा है तो उसे बोलने वाली प्रजा में भी वही लक्षण देखने को मिलेंगे।

वेशक ज्यादा सच्चे ढंग से यह कहना चाहिए कि प्रजा के लक्षण उसकी भाषा में देखने को मिलते हैं, क्योंकि भाषा को बनाने वाले लोग ही होते हैं। लेकिन इस बात में भी कुछ सचाई है कि भाषा लोगों को बनाती है। जो भाषा ठीक-ठीक या यथार्थ होती है, वह लोगों को ठीक-ठीक विचार करने वाले बनाती है। शब्दों या वाक्यों के अर्थ में यथार्थता और निश्चितता न होने से विचारों की गड़बड़ पैदा होती है और उसके परिणामस्वरूप काम भी वैसा ही होता है।

(क) लेखक को किससे प्रेम रहा है? 1

(ख) भाषा के शक्तिशाली होने पर क्या होता है? 1

(ग) प्रजा के लक्षण किस में देखने को मिलते हैं? 1

(घ) कभी-कभी किसी व्यक्ति को दूसरे की बात समझ में क्यों नहीं आती? 1

(ङ) भाषा किसी राष्ट्र के चरित्र की कसौटी कैसे बन जाती है? 2

(च) भाषा का लोगों के जीवन में क्या महत्व होता है? 2

(छ) इस गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए। 2

2. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए - 8

(क) सोशल मीडिया कितना सही, कितना गलत (ख) कैसा हो स्कूल हमारा

(ग) उत्तराखण्ड में पर्यटन की संभावनाएँ (घ) महान व्यक्तित्व : जो मुझे पसन्द हैं

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए - 1×5=5

(क) लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ किसे माना जाता है?

(i) विधायिका (ii) न्यायपालिका

(iii) प्रेस/मीडिया (iv) कार्यपालिका

(ख) थोड़े समय के लिए किसी अखबार या न्यूज चैनल में नियुक्त पत्रकार को कहते हैं -

(i) अंशकालिक (ii) फ्रीलांसर

(iii) पेज थ्री (iv) वॉचडॉग

(ग) ऑल इंडिया रेडियो की शुरुआत कौन से वर्ष में हुई -

(i) 1948 (ii) 1936

(iii) 1964 (iv) 1952

(घ) एक दैनिक समाचार पत्र को समाचार प्राप्त होते हैं -

(i) समाचार एजेंसी द्वारा (ii) संवाददाताओं द्वारा

(iii) समाचार ब्यूरो द्वारा (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) संपादन की विशेषता नहीं है?

(i) वस्तुपरता (ii) काल्पनिकता

(iii) निष्पक्षता (iv) तथ्यों की शुद्धता

4. 'स्त्रियों पर बढ़ते अपराध' की समस्या पर 150 शब्दों का आलेख लिखिए। 5

**अथवा**

आपके विद्यालय में आयोजित हुए 'बैग लैस डे' कार्यक्रम पर 150 शब्दों की एक रिपोर्ट लिखिए।

5. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1+1=2

हम तौ एक एक करि जांनां।
दोइ कहैं तिनहीं कौं दोजग जिन नाहिंन पहिचांनां।।
एकै पवन एक ही पानीं एकै जोति समांनां।
एकै खाक गढ़े सब भांड़ै एकै कोंहरा सांनां।।

(क) कवि किस को एक मानने की बात कर रहा है?

(ख) परमात्मा को कौन नहीं पहचान पाता?

(ग) एक ही मिट्टी से सभी बरतनों के बनने का सांकेतिक अर्थ क्या है?

6. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1+1=2

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने!
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने?

(क) कविता फूलों के बहाने कैसे खिलती है?

(ख) कविता बाहर-भीतर, इस घर - उस घर क्या करती है?

(ग) बिना मुरझाए कौन महकता रहता है?

7. निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर इनका भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए – 2+2=4

(क) न हो कमीज तो पाँवों से पेट ढँक लेंगे।
ये लोग कितने मुनासिब हैं इस सफर के लिए।

(ख) छोटा मेरा खेत चौकोना
कागज का एक पन्ना,
कोई अंधड़ कहीं से आया
क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

8. (क) पाश के अनुसार मनुष्य के जीवन में सबसे खतरनाक स्थिति क्या होती है? 2

**अथवा**

'आओ, मिलकर बचाएँ' कविता में 'ठंडी होती दिनचर्या' और 'जीवन की गर्माहट' का क्या अर्थ है?

(ख) 'बादल राग' कविता में बादलों को 'विप्लव का बादल' क्यों कहा गया है? 2

**अथवा**

'कवितावली' में वर्णित तुलसीदास के समय की सामाजिक स्थितियों की आज से तुलना करते हुए दो समानताओं का उल्लेख कीजिए।

9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1=2

माई लार्ड! जिस प्रजा में ऐसे राजकुमार का गीत गाया जाता है, उसके देश से क्या आप भी चलते समय कुछ संभाषण करेंगे? क्या आप कह सकेंगे, 'अभागे भारत! मैंने तुझसे सब प्रकार का लाभ उठाया और तेरी बदौलत वह शान देखी, जो इस जीवन में असंभव है। तूने मेरा कुछ नहीं बिगाड़ा; पर मैंने तेरे बिगाड़ने में कुछ कमी न की। संसार के सबसे पुराने देश! जब तक मेरे हाथ में शक्ति थी, तेरी भलाई की इच्छा मेरे जी में न थी। अब कुछ शक्ति नहीं है, जो तेरे लिए कुछ कर सकूँ।'

(क) भारत की प्रजा राजकुमार का गीत क्यों गाती है?

(ख) लार्ड कर्जन ने भारत के साथ कैसा व्यवहार किया?

(ग) लेखक लॉर्ड कर्जन से क्या चाहता है?

10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1+1=2

बाजार आमंत्रित करता है कि आओ मुझे लूटो और लूटो। सब भूल जाओ, मुझे देखो। मेरा रूप और किसके लिए है? मैं तुम्हारे लिए हूँ। नहीं कुछ चाहते हो, तो भी देखने में क्या हरज़ है। अजी आओ भी। इस आमंत्रण में यह खूबी है कि आग्रह नहीं है। आग्रह तिरस्कार जगाता है। लेकिन ऊँचे बाजार का आमंत्रण मूक होता है और उससे चाह जगती है। चाह मतलब अभाव।

(क) बाजार के आमंत्रण का क्या अर्थ है?

(ख) बाजार खरीददारों के प्रति आत्मीय क्यों होता है?

(ग) बाजार आग्रह क्यों नहीं करता?

11. 'गलता लोहा' कहानी में 'जबान की चाबुक' से क्या आशय है? मास्टर त्रिलोक सिंह ने इसका प्रयोग क्यों किया? 2

**अथवा**

'रजनी' पाठ के अनुसार ट्यूशन पढ़ना-पढ़ाना छात्र व अध्यापक का मामला है। आप इस तर्क से कहाँ तक सहमत हैं?

12. 'काले मेघा पानी दे' पाठ में आपको जीजी की आस्था प्रभावित करती है अथवा लेखक के तर्क, स्पष्ट करें? 2

**अथवा**

'श्रम विभाजन और जाति प्रथा' पाठ के आधार पर जाति प्रथा की बुराइयों का उल्लेख कीजिए?

13. 'आलो-आँधारि' पाठ में तातुश लेखिका को सिर्फ गृह सेविका नहीं अपनी बेटी की तरह मानते थे। दो उदाहरण दीजिए। 2

**अथवा**

क्या कलाओं की भी अपनी भाषा होती है, कैसे? स्पष्ट करिए।

14. मोहनजोदड़ो को देखते हुए लेखक को राजस्थान के कुलधरा गाँव की याद क्यों आई? 2

**अथवा**

यशोधर बाबू किशनदा के मानस-पुत्र हैं। सिद्ध कीजिए।

15. राजस्थान के किस इलाके में खड़िया पत्थर की पट्टी पाई जाती है? इसका क्या लाभ है? 4

**अथवा**

'जूझ' पाठ में लेखक के जीवन संघर्ष के उन पहलुओं पर प्रकाश डालिए जो आपको प्रेरणादायक लगते हैं?

## खण्ड – 'ब'

16. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा मात्र प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत- 1+1=2

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर केवल **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए)

प्रयाणारम्भसमये श्रीहर्षः योधान् उद्दिश्य उक्तवान् - भोः भटाः! एतस्यां नौकायां विविधाः भारतीयधर्मग्रन्थाः सन्ति। अनेकानि ऐतिहासिकवस्तूनि च सन्ति। एतानि भारतीय संस्कृतेः प्रतीकानि अमूल्यानि च, अतः एतेषां ग्रन्थानां, वस्तूनां च रक्षणं भवतां कर्तव्यम् इति। ततः सर्वे नौकायाम उपविष्टवन्तः। नाविकाः नौकां चालितवन्तः। अनेकानि दिनानि पर्यन्तं ते सुखेन प्रयाणं कृतवन्तः।

(क) श्रीहर्षः कदा भटान् उक्तवान्?

(ख) के नौकां चालितवन्तः?

(ग) सर्वे कुत्र उपविष्टवन्तः?

17. अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा मात्र प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत- 1+1=2

(निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर केवल दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए)

अरुणाचलप्रदेशे रूपग्रामे उभौ सहोदरौ निवसतः स्म। तयोः ज्येष्ठः बौद्धसंन्यासी, कनीयान् च व्याधवृत्तिम् आश्रितः। अनुजः एव गृहपोषणं करोति स्म। प्रतिदिनं सः अरण्यं गत्वा पशून् हत्वा मांसं सङ्गृह्य आगच्छति स्म। तेन मांसेन एव गृहे पाकः सज्जीक्रियते स्म। बौद्धसंन्यासिने एतत् मांससेवनं न रोचते स्म। मांसभक्षणं यदा तेन निराकृतं तदा अनुजः तम् अवदत् - "मृगया अस्माकं कुलवृत्तिः। मांसखादनं यदि परित्यज्येत तर्हि गृहजनैः सर्वैः उपवासः आचरणीयः भवेत्। अन्यच्च, जीविहननं क्रियते मया, न तु भवता, पापं प्राप्येत मया। भोजनसमये पापपुण्यचिन्ता न करणीया" इति।

(क) रूपग्रामे कौ निवसतः स्म?

(ख) कः गृह पोषणं करोति स्म?

(ग) मांसेन किं क्रियते?

18. प्रदत्तं श्लोकं पठित्वा प्रश्न **एकस्य** उत्तरं लिखत- 1

(निम्नलिखित श्लोक को पढ़कर किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए)

कस्त्वं भोः? कविरस्मि, तत्किमु सखे! क्षीणोऽस्यनाहारतो?

धिग्देशं गुणिनोऽपि दुर्गतिरियं, देशं न मामेव धिक्।

(क) अनाहारतः कः क्षीण अस्ति?

(ख) गुणिनः अपि इयं का?

19. प्रदत्तं श्लोकं पठित्वा प्रश्न **एकस्य** उत्तरं लिखत - 1

(निम्नलिखित श्लोक को पढ़कर किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए)

वल्ली वेष्टयते वृक्षं सर्वतश्चैव गच्छति।

न ह्यदृष्टेश्च मार्गोऽस्ति तस्मात्पश्यन्ति पादपाः।।

(क) वल्ली किं करोति?

(ख) मार्गः कस्य अस्ति?

20. संस्कृत पाठ्यपुस्तकाधारेण प्रदत्तेषु प्रश्नेषु प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत- 2+2=4

(संस्कृत पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित में से **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए)

(क) सुनयना कदा न खादति?

(ख) धर्म कुत्र न अस्ति?

(ग) प्रायः वैद्या ईश्वरं किं प्रार्थयन्ते?

(घ) उद्याने कः प्रविशति?

21. संस्कृत पाठ्यपुस्तकाधारेण प्रदत्तेषु प्रश्नेषु प्रश्न **द्वयो** उत्तरं लिखत - 2+2=4

(संस्कृत पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित में से **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए)

(क) जिह्वा कीदृशं भाषते?

(ख) मण्डूककुलेन का आयोजिता?

(ग) पंडित गोविन्दबल्लभपंत पितुः नाम किम् आसीत्?

(घ) उष्मतः कः म्लायते?

22. अधोलिखितेषु पदेषु मात्र **त्रयः** पदानिं चित्वा तेषां वाक्यरचना संस्कृतभाषायां कुरुत- 3

(निम्नलिखित पदों में से **तीन** पदों की वाक्य रचना संस्कृत में कीजिए)

| |
|---|
| कुत्र, कुतः, यथा, सर्वदा, दधि, गच्छति, भवति, अग्निः |

23. निर्देशानुसारम् प्रश्नानाम् उत्तरम् लिखत- ½×6=3

(निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए)-

(क) 'दिगंबरः' पदे सन्धि विच्छेदः अस्ति-

('दिगंबरः' पद में सन्धि विच्छेद है-)

(i) दिग् + अंबरः (ii) दिक् + अंबरः (iii) दिगंत + अंबर

(ख) 'तपः + चर्या' इति विग्रहे सन्धि अस्ति -

('तपः + चर्या' इस विग्रह की सन्धि है-)

(i) तपचर्या (ii) तपश्चर्या (iii) तपिचर्या

(ग) 'नवरात्रम्' शब्दे कः समासः अस्ति?

('नवरात्र' शब्द में कौन सा समास है?)

(i) द्विगु (ii) द्वन्द्व (iii) बहुब्रीहि

(घ) 'मुनिः वने वसति' अत्र वने पदे कारकः अस्ति-

('मुनिः वने वसति' में 'वने' पद में कारक है-)

(i) सम्प्रदान कारक (ii) अधिकरण कारक (iii) अपादान कारक

(ङ) 'पितृ' शब्दस्य तृतीया विभक्ति एकवचने रूपं अस्ति-

('पितृ' शब्द का तृतीया विभक्ति एकवचन रूप है-)

(i) पित्रे (ii) पित्रा (iii) पितुः

(च) 'पा (पिब)' धातोः लट् लकार मध्यम पुरुष द्विवचने रूपं भवति-

('पा' धातु का लट् लकार मध्यम पुरुष द्विवचन में रूप होता है-)

(i) पिबामि (ii) पिबतः (iii) पिबथः

24. अस्मिन् प्रश्नपत्रे आगतम् श्लोकं वर्जयन कमपि अन्यं कंठस्थं श्लोकं लिखित्वा हिन्दी भाषायां तस्य अनुवादं कुरुत्। 2+2=4

(कोई एक कण्ठस्थ श्लोक, जो इस प्रश्नपत्र में न आया हो, लिखिए और उसका हिन्दी में अनुवाद कीजिए।)

*****